प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

29 नवंबर 2021

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड योजना (एसजीबी) का समय-पूर्व मोचन – 30 नवंबर 2021 (एसजीबी 2015 की श्रृंखला I) को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड (एसजीबी) योजना का भारत सरकार की दिनांक 30 अक्तूबर 2015 की अधिसूचना एफ.सं.4(19)-डब्ल्यूएंडएम/2014 और दिनांक 30 अक्तूबर 2015 के आरबीआई के परिपत्र आईडीएमडी.सीडीडी.सं.939/14.04.050/2015-16 (एसजीबी 2015, श्रृंखला I - जारी करने की तारीख 30 नवंबर 2015) के अनुसार, इस तरह के स्वर्ण बॉण्ड के जारी होने की तारीख, जिस तारीख से ब्याज देय है, से पांचवें वर्ष के बाद समय-पूर्व मोचन की अनुमति दी जा सकती है। अतः, उपरोक्त ट्रेंच के समय-पूर्व मोचन की आगामी देय तारीख 30 नवंबर 2021 होगी। इसके अलावा, एसजीबी का मोचन मूल्य, मोचन की तारीख से पहले के सप्ताह (सोमवार-शुक्रवार) के 999 शुद्धता [इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) प्रकाशित] के साधारण औसत समापन स्वर्ण मूल्य पर आधारित होगा।

तदनुसार, 30 नवंबर 2021 को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य एसजीबी का ₹4808/- (चार हजार आठ सौ आठ रुपये मात्र) प्रति यूनिट होगा, जो 22-26 नवंबर 2021 सप्ताह के लिए सोने के समापन मूल्य के साधारण औसत पर आधारित होगा।

अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1273